# श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रिय संस्कृत विद्यापीठ

**मनित विश्वविद्यालय**

**कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली–110016**


संख्या– LBS/IQAC /2014/ 120 दिनांक : 17/04/2014

21.

## बैठक सूचना

कुलपति महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न उपवेशन (दिनांक 07/02/2014 संदर्भ संख्या LBS/Dev./Co-ord/2014/2196) में लिये गये निर्णय के अनुसार ''विषयबोध कार्यक्रम'' (ओरिएन्टेशन प्रोग्राम) के आयोजन विभिन्न स्तरों पर करने का प्रस्ताव आया था। इसके आयोजन हेतु ''विषयबोध कार्यक्रम समिति'' का गठन किया गया और समिति की बैठक बुलाकर कार्यक्रम का अन्तिम प्रारूप तैयार कर दिया गया।

आई.क्यू.ए.सी द्वारा विषयबोध कार्यक्रम का आयोजन सभी स्तरों पर कर दिया गया है। यह विषयबोध कार्यक्रम दिनांक 11/03/2014 और 12/03/2014 को विद्यापीठ के सभी छात्रों के लिए, दिनांक 18/03/2014 और 19/03/2014 को विद्यापीठ के सभी अध्यापकों के लिए तथा दिनांक 16/04/2014 को विद्यापीठ के सभी कर्मचारियों के लिए आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यापीठ के सभी छात्रों, अध्यापकों और कर्मचारियों ने अपना बहुमूल्य योगदान दिया तथा इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

इसके उपरान्त विषयबोध कार्यक्रम समिति की एक बैठक दिनांक 23/04/2014 को सायं 03:00 बजे सारस्वत साधना सदन के कक्ष संख्या 01 में आयोजित की जाएगी, इसमें सभी सदस्यों की अनिवार्य उपस्थिति अपेक्षित हैं।

इस बैठक में आयोजित हुए विषयबोध कार्यक्रमों के विषय में चर्चा तथा इन कार्यक्रमों में प्राप्त ''प्रतिक्रिया फार्म'' का विद्यापीठ के अध्यापन स्तर को बढ़ाने के लिए उपयोग कैसे किया जाए, आदि विषयों पर भी विस्तार से विचार–विमर्श किया जायेगा।

सभी सदस्यों से निवेदन है कि बैठक में यथा समय लिखित सुझाओं के साथ उपस्थित होने का कष्ट करें।

(प्रो. पीयूषकान्त दीक्षित)

निदेशक (आई.क्यू.ए.सी)